हरियाली तीज पर आज बीकानेर जिले में दस लाख पौधे लगाये जायेंगे

बीकानेर, (कासं)। हरियाली तीज के अवसर पर बुधवार को सघन पौधारोपण अभियान के तहत एक ही दिन में लगभग दस लाख पौधे लगाये जायेंगे।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह राज्य सरकार का अत्यंत महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं हो। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय रखते हुए लक्ष्य के अनुरूप पौधे लगाना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम बीछवाल स्थित मरूधरा बॉयोलॉजिकल पार्क में प्रातः 10 बजे से होगा। वहीं प्रत्येक ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाली तीज के अवसर पर पौधारोपण के इस समारोह को उत्सव की भांति मनाया जाए। इसमें अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। महिलाओं को पारम्परिक लहरिया परिधान में आने के लिए प्रेरित किया जाए।

जिला कलेक्टर ने बताया कि इस दौरान जिले की स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों, स्काउट गाइड मुख्यालय, सड़कों के किनारे, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स, आरएसआरडीसी कार्यस्थलों, मनरेगा कार्य स्थलों, ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समितियों, औद्योगिक इकाईयों सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में पौधे लगाये जायेंगे। उन्होंने पौधों की उपलब्धता तथा किस्म की जानकारी ली और कहा कि प्रत्येक पौधे की जिओ टेगिंग सुनिश्चित की जाए। ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों में कम से कम पांच सौ पौधे लगें, यह सुनिश्चित किया जाए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक स्तरीय समारोह के लिए स्थान चिन्हित करते हुए इसकी सूचना उपलब्ध करवाई जाए। कार्यक्रम की बेहतर मॉनिटरिंग हो तथा अच्छी फोटोग्राफी करवाई जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय समारोह में महिलाओं एवं कॉलेज छात्राओं को कार्यक्रम स्थल पर लाने-ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की जायेगी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल ने बताया कि पौधारोपण के लिए वन विभाग को 1.80 लाख, शिक्षा विभाग को छह लाख तथा मनरेगा को 1.20 लाख पौधों का लक्ष्य दिया गया है। वहीं अन्य विभागों एवं कार्यालयों द्वारा बड़ी संख्या में पौधे लगाये जायेंगे। इस दौरान प्रत्येक ब्लॉक द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा की गई।

चांडासर गोचर में वृक्षारोपण : बीकानेर के चांडासर गांव में 600 बीघा गोचर भूमि में आज वृक्षारोपण का कार्यक्रम शुरू किया है और शीघ्र ही गांव के लोग मिलकर के कुछ प्रशासनिक मदद लेकर के सारी गोचर भूमि पर तारबंदी करवायेंगे। उसके बाद गोचर में वृक्षारोपण में घास लगाने की भी तैयारी की जा रही है। 51 पेड़ लगाकर इसका शुभारंभ किया।

वृक्षारोपण करने वालों में खेमाराम माली नंदकिशोर माली के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। संपत लाल सोलंकी, रेवतराम सोलंकी, ओम सिंह, बाबूलाल बलाइच, विनोद नायक, सवाई सिंह चावड़ा, सियाराम, जयपाल, मदनलाल मेघवाल, पूजा गहलोत तुलसी देवी आदि लोगों ने किया। वृक्षारोपण भागीरथ नंदिनी संस्था के अध्यक्ष मिलन गहलोत ने बताया कि 7 तारीख को सुजानदेसर गोचर भूमि में विशाल स्तर पर वृक्षारोपण का सभी ब्लॉकों के अंदर कार्यक्रम होगा। इसमें बीकानेर जिला कलेक्टर यूआईटी सेक्रेटरी एवं कई प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। कई सरकारी स्कूलों के बच्चे भी सुजानदेसर गोचर भूमि के अंदर कल वृक्षारोपण करने के लिए आयेंगे। जिसमें राजकीय उच्च प्राथमिक भटड स्कूल, बंटिया गर्ल्स स्कूल और कई अन्य स्कूलों है के बच्चे भी भाग लेंगे।

बीकानेर के चांडासर गांव में 600 बीघा गोचर भूमि में खेमाराम एवं नंदकिशोर माली के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया।

- **मरूधरा बॉयोलॉजिकल पार्क में होगा जिला स्तरीय समारोह**

श्रीगंगानगर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर परिषद श्रीगंगानगर द्वारा मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान 'हरियालो राजस्थान - एक पेड़ मां के नाम' सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम-हरियाली तीज को उत्सव के रूप में 7 अगस्त को सांय 5 बजे वार्ड नं. 38, श्रीगंगानगर स्थित विनोबा बस्ती पार्क में नगर परिषद सभापति गगनदीप कौर पाण्डे की अध्यक्षता में मनाया जायेगा।

नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहूजा ने बताया कि पूरे राजस्थान में एक करोड़ पेड़ लगाये जाने हैं। इस कार्यक्रम में माननीय जिला प्रभारी सचिव एवं जिला कलेक्टर अतिथि होंगे तथा वृक्षारोपण करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक पार्षद वार्ड नं. 38 चेष्टा सरदाना होंगी।

साल में दो बार रक्तदान का लिया संकल्प

हनुमानगढ़,(कासं)। भटनेर किंग्स क्लब के सदस्यों ने साल में दो बार रक्तदान का संकल्प लिया।

जिला मुख्यालय पर स्थित क्लब कार्यालय में संरक्षक आशीष विजय व अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल ने सदस्यों को साल में दो बार रक्तदान करने का संकल्प दिलाया। खास बात है कि 11 अगस्त को क्लब की ओर से जंक्शन में अबोहर बाइपास स्थित बेबी हैप्पी मार्डन पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। इसकी तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक में अन्य मसलों पर भी चर्चा की गई।

क्लब के संरक्षक आशीष विजय ने कहा कि मेडिकल साइंस के मुताबिक हर स्वस्थ व्यक्ति यूं तो साल में तीन बार रक्तदान कर सकता है। लेकिन क्लब के सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय किया कि मानवता के हित में साल में दो बार रक्तदान करेंगे ताकि जरूरतमंद को तत्काल ब्लड उपलब्ध हो सके।

आशीष विजय ने कहा कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इसलिए हमें इस तरह के प्रयासों को बढ़ावा देना चाहिए। क्लब के अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल ने कहा कि रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जाना चाहिए। इसको लेकर खूब सारी भ्रांतियां हैं कि इससे शरीर में कमजोरी आ जाती है। लेकिन यह सच नहीं है। सच तो यह है कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। इम्युनिटी पॉवर में बढ़ोतरी होती है। हार्ट की समस्या कम होती है। भटनेर किंग्स क्लब यूथ विंग के अध्यक्ष आशीष गौतम ने कहा कि अधिकाधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की जरूरत है।

सार-समाचार

पदोन्नति पर पवन मोदी का सम्मान

निजी सहायक संवर्ग संघ ने शिक्षा विभाग में प्रथम वरिष्ठ निजी सचिव बनने पर पवन मोदी का सम्मान किया।

बीकानेर, (कासं)। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के सभागार में मंगलवार को वरिष्ठ निजी सचिव पद पर पदोन्नति होने पर पवन मोदी का राजस्थान स्टेट निजी सहायक संवर्ग संघ बीकानेर द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही जिला कलेक्टर के वरिष्ठ निजी सचिव आशानंद कल्ला एवं निजी सचिव शिवकुमार व्यास का भी सम्मान शिक्षा विभाग के निजी सहायकों द्वारा किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने मोदी का माल्यार्पण एवं मुंह मीठा करवाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संघ के संरक्षक घनश्याम स्वामी ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग में प्रथम वरिष्ठ निजी सचिव पद पर पदोन्नति होना लम्बे संघर्ष की जीत है। कार्यक्रम में संघ के सचिव अर्जुननाथ सिद्ध, किसन कल्ला, सुनीता खत्री, राकेश शर्मा, अशोक स्वामी, विजयशंकर आचार्य, घनश्याम कुचेरिया, दीपक शर्मा, महेश सुथार, आनंद देराश्री, स्वाति शर्मा, मीनाक्षी रामावत, रश्मि सारण, खुशबू रामचंदानी, निकिता भारती, पूजा गहलोत, रेखा रानी, गीता चौधरी के साथ ही निदेशालय के निजी अनुभाग के कार्मिकों द्वारा पवन मोदी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज भटनागर ने की। संघ के अध्यक्ष शिवकुमार व्यास ने बधाई देते हुए आगामी कार्यक्रम 10 अगस्त को बजरंग धोरा में निजी सहायक संवर्ग संघ के स्नेह-मिलन की जानकारी दी व सभी को आमंत्रित किया।

राजस्थानी वेशभूषा में सजी धजी

लहरिया उत्सव मॉडलिंग प्रतियोगिता में महिला एवं युवतियों ने भाग लिया।

बीकानेर, (कासं)। यूनिक नेल आर्ट अकेडमी और न्यूरोथैरेपी हेल्थ सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में श्रावण के माह में लहरिया उत्सव के तहत महिलाओं और युवतियों के लिए मॉडलिंग सहित नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होटल राजमहल में किया गया। कार्यक्रम आयोजक जानवी सोनी ने बताया कि पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में महिलाओं और युवतियों ने मॉडलिंग के जरिए अपने कला की प्रस्तुति दी। जिनको प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाली प्रतिभावानों को पुरस्कार दिए गये। कोर्डिनेटर चंचल सेन ने बताया कि इस दौरान नृत्य के जरिए युवतियों और महिलाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के आधार पर उन्हें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाली प्रतिभावानों को पुरस्कार किया गया। चंचल सेन ने बताया कि कार्यक्रम के अतिथि मानव अधिकार ओर सामाजिक कल्याण संघ संस्थापक उषा कंवर व महिला हुनर प्रेसिडेंट रेशमा वर्मा थे। कार्यक्रम के दौरान जज की भूमिका सरस फैडरेशन अध्यक्ष पिंकी शर्मा और अर्चना सक्सेना, गोयल फाउंडर डायरेक्टर अध्यक्ष वी. आर. फाउंडेशन ने निभाई। जानवी सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट दिए गए। मंच संचालन शगुन बशीर और सपना देवड़ा ने किया।

स्कूटी समेत दो बहनें नहर में गिरी, डूबने से युवक की मौत

बीकानेर, (कासं)। स्कूटी पर जा रही दो बहनें नहर में जा गिरी। किंतु उनको बचा लिया गया। इन दोनों को अस्पताल पहुंचाया जहां इनका इलाज किया गया। उधर नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई।

स्कूटी पर जा रही दो बहनें स्कूटी समेत नहर में जा गिरी। बताया जा रहा है कि बड़ी बहन स्कूटी पर छोटी बहन को स्कूल छोडने के लिए जा रही थी। इसी दौरान हादसा हो गया। दरअसल मामला अनूपगढ़ जिले के रायसिंहनगर के मुकलावा पुलिस थाना क्षेत्र का है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गांव झोटांवाली निवासी इन्दुबाला पुत्री सतपाल अपनी छोटी बहन विजय लक्ष्मी को झोटांवाली से राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल छोड़ने के लिए जा रही थी। ये दोनों बहनें स्कूटी पर सोमवार सवेरे तकरीबन पौने छह बजे घर से निकली। झोटांवाली गांव में नहर के पुल पर अचानक स्कूटी बेकाबू हो गई और ये दोनों बहनें स्कूटी समेत नहर में जा गिरी।

- **रायसिंहनगर के गांव झोटांवाली की दो बहनें नहर में गिरी, लोगों ने बचाया**

बताया जा रहा है कि नहर के पुलिया की दीवार टूटी होने की वजह से यह हादसा हुआ। इनके नहर में गिरने के साथ आसपास खड़े लोगों ने इनको समय रहते बचा लिया। इन दोनों ही बहनों को चोटें आई है। इनको अस्पताल ले जाया गया। जहां इनका इलाज चल रहा है।

दूसरी ओर बीकानेर के लूणकरनसर पुलिस थानान्तर्गत हंसेरा गांव की रोही स्थित नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक अभय कुमार (19) पुत्र पदमनाथ बताया जा रहा है। मृतक उत्तरप्रदेश का रहने वाला था। दरअसल मृतक के पिता ने इस आशय की मर्ग रिपोर्ट पुलिस थाने में दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अभय कुमार एक प्राइवेट कम्पनी में सर्वे का काम करता था। दो अगस्त को वो सर्वे कार्य कर रहा था। इसी दरम्यान उसका पांव फिसल गया और वह नहर में जा गिरा। जहां पानी में डूबने से अभय कुमार की मौत हो गई।

वहीं नाल थाना इलाके में करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार करमीसर की रोही में एक व्यक्ति की करंट से झुलसने से मौत हुई है। मृतक की पहचान शिवराम पुत्र दुर्गाराम उम्र 47 निवासी करमीसर के रूप में हुई है। सेवादार लक्ष्मण सिंह चौहान को सूचना मिलने पर एम्बुलेंस लेकर गया।

आठ को उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई

श्रीगंगानगर, (कासं)। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार जिले में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था लागू की गई है।

कलेक्टर लोकबंधु के निर्देशानुसार इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक माह के प्रथम गुरूवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई, द्वितीय गुरूवार को उपखण्ड स्तर पर तथा तृतीय गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में 8 अगस्त को उपखण्ड और 16 अगस्त को जिला स्तरीय जनसुनवाई होगी। कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का तीन दिवस में संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने सीईओ जिला परिषद, जिले के समस्त एसडीएम को निर्देशित किया है।

खड़े ट्रेलर में जा घुसी पिकअप, एक की मौत

बीकानेर, (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थानान्तर्गत एक ढाबे पर खड़े ट्रेलर में पीछे से पिकअप गाड़ी जा भिड़ी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई तथा इसमें सवार एक जने की मौत हो गई।

यह हादसा सोमवार को सवेरे हुआ। बताया जा रहा है कि कितासर गांव के निकट स्थित एक ढाबे पर ट्रेलर खड़ा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पिकअप गाड़ी इस खड़े ट्रेलर में पीछे से जा भिड़ी। पिकअप गाड़ी लिखमीदेसर की बताई जा रही है। जो कि गांव-गांव से दूध संग्रहण कर रही थी। मृतक अनुज कुमार पुत्र ओमप्रकाश बताया जा रहा है जो कि श्रीगंगानगर का रहने वाला था। हादसा इतना भीषण था कि वह गाड़ी में बुरी तरह से फंस गया था।

इसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी से बाहर निकाला और मोर्चरी में रखवाया।

- **कितासर गांव के निकट स्थित एक ढाबे पर खड़े ट्रेलर में जा घुसी पिकअप**

वाहन ने मारी टक्कर : बीकानेर के नाल पुलिस थाना क्षेत्र के बाद अब नोखा पुलिस थाना क्षेत्र में साइक्लिंग की कोचिंग ले रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसके दोनों हाथ टूट गए। हादसे का शिकार काना सियाग को गंभीर चोटें आई है। उसके दोनों हाथ टूट गए है। अब काना साइक्लिंग कैसे कर पायेगा। आर.के. पुरम द्वितीय नोखा निवासी नरसीराम ने इस आशय की रिपोर्ट अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाने में दी है। रिपोर्ट में बताया कि अज्ञात वाहन चालक की लापरवाही से गाड़ी चढ़ा दी।

देवरों पर भाभी से दुष्कर्म करने का आरोप

बीकानेर, (कासं)। घर में अकेली भाभी की देवरों ने मिलकर चाकू की नोंक पर अस्मत लूटी तथा इस बारे में किसी को बताने पर जान से मार देने की धमकी देने का मामला श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में सामने आया है।

इस आशय की रिपोर्ट पीड़िता ने पुलिस थाने में दी है। देवरों पर सामूहिक रूप से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की ओर से पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि उसका पति, सास तथा दोनों देवरानी बाहर गई हुई थी। इसी रात को करीबन एक बजे उसके देवरों ने चाकू की नोंक पर उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। जब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। जिससे पीड़िता को अंदरूनी चोटें भी आई है।

- **उसका पति, सास तथा देवरानी बाहर गई हुई थी**
- **रात को अकेली देख देवरों ने चाकू की नोंक पर दुष्कर्म किया**

अगले दिन उसका पति घर पर आया तो देवरों ने उसको मारने की धमकी दी तथा उसके साथ मारपीट की। श्रीडूंगरगढ़ पुलिस पीड़िता को लेकर आई। उसके बाद वह अपने पीहर चली गई। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी देवरों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

आज पेयजल आपूर्ति आंशिक बाधित रहेगी

बीकानेर, (कासं)। स्टेडियम हैडवर्क्स से जुडे क्षेत्रों में बुधवार को पेयजल आपूर्ति आंशिक बाधित रहेगी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार जैन ने बताया कि स्टेडियम हैड वर्क्स पर बुधवार को सामयिक मरम्मत व अनुरक्षण, पंप मरम्मत अथवा बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर स्टेडियम हैड वर्क्स पेयजल आपूर्ति से जुड़े क्षेत्रों यथा सुभाषपुरा इन्दिरा कॉलोनी पुरानी गिन्नाणी, हनुमान हत्था, धोबीधोरा, सादुलगंज, रथखाना, पवनपुरी, रानी बाजार, औद्योगिक क्षेत्र, खतुरिया कॉलोनी, शिवबाड़ी आदि क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

चोरी की बाइक पर रील बनाना चोर को महंगा पड़ा

बीकानेर, (कासं)। बाइक चुराकर बाइक के साथ रील बनाना एक बाइक चोर को भारी पड़ा। जैसे ही बाइक चोर ने सोशल मीडिया पर अपनी रील को वालरल किया वैसे ही बाइक के असली मालिक ने यह रील देखकर अपनी बाइक पहचान ली।

वायरल रील के बाद आरोपी को पुलिस ने चोर को चुराई बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। दरअसल चोरी की बाइक के साथ सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे एक वीडियो थारा पैसा, थारी गाड़ी पर रील बनाना एक बाइक चोर को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। चोरी हुई बाइक के मालिक के एक दोस्त ने यह रील देखी और उसने गाड़ी मालिक को यह रील भेज दी। बाइक मालिक ने अपनी गाड़ी की पहचान कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने चोर को पकड़ कर अदालत में पेश किया जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामला बीकानेर के खाजूवाला थाना इलाके का है। थानाधिकारी बलवंत कुमार ने बताया 30 जुलाई को खाजूवाला के सहू मार्केट से कपड़ा व्यापारी सतनाम की बाइक चोरी हुई थी। घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। इसके बाद हुलिए के आधार पर सतनाम ने 1 अगस्त को चोरी की रिपोर्ट दी थी। इसके बाद सतनाम के किसी दोस्त ने सोशल मीडिया पर रील देखकर बाइक अपनी होने का दावा किया। इसके बाद पुलिस ने इंटेलिजेंस की मदद से खुदाबक्श उर्फ अली निवासी तोवणियां कॉलोनी खाजूवाला को पकड़ा। ट्रेडिंग सांग पर बनाई रील सतनाम ने बताया कि उनके दोस्त ने उन्हें 4 अगस्त को रील भेजी थी। इसमें नजर आ रही बाइक के नंबर उनकी बाइक से मैच नहीं कर रहे थे। लेकिन वह अपनी बाइक को पहचानते हैं।

- **वायरल रील के बाद आरोपी को पुलिस ने चोर को चुराई बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा**

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com, Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3801 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 06.8.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 6 ए छोटी मुरब्बा नं. 31 के किला नं. 3, 8 में माप 1192 वर्गगज श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 416 दिनांक 19.12.1988 को श्री कमल सिंह जैन पुत्र श्री इन्द्र चंद जैन के नाम से जारी किया हुआ है। उक्त जारी पट्टे में से माप 33 इन्दू 65 फीट का हिस्सा श्री सुनील जिंदल पुत्र श्री जयदेव जिंदल निवासी 9-10 फेण्डस कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा जरिये पंजीकृत बैयनामा द्वारा क्रय कर स्वामित्व के दस्तावेज, भूखण्ड के उपविभाजन बाबत न्यास जारी आदेश की प्रति एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर भू-रूपान्तरण विभाग, श्रीगंगानगर द्वारा पूर्व में जारी पट्टे की प्रमाणित प्रति व मूल बैयनामों की प्रति समर्पण कर भूखण्ड की लीज हस्तान्तरित करवाते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें. अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर, (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2024 / 3803 दिनांक : 06/08/2024

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती रूकमणी देवी पत्नी श्री रोशन लाल निवासी वार्ड नं. 11, लौहारों का मोहल्ला, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 47 किला नं. 08 माप 30 इन्दू 67.6 फीट भूखण्ड संख्या ए-28, मधुबन कॉलोनी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का आवासीय पट्टा संख्या 322 दिनांक 31.08.2012 को श्री मनीष सहारण पुत्र श्री रघुवीर सहारण के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखण्ड इन्हीं के नाम से दर्ज है।	श्रीमती रूकमणी देवी द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 05.06.2024 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्रीमती रूकमणी देवी पत्नी श्री रोशन लाल निवासी वार्ड नं. 11, लौहारों का मोहल्ला, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है । बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। - सचिव नगर विकास न्यास , श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर, (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2024 / 3796 दिनांक : 05/08/2024

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 22 के किला नं. 24, 25 में माप 30 इन्दू 60 फीट भूखण्ड संख्या जी-15, ग्रीन सिटी, श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 5244 दिनांक 25.05.2016 को श्रीमती रश्मि नागपाल पत्नी श्री भीमसैन नागपाल जरिये मु.आ. भीमसैन नागपाल पुत्र श्री पूर्णचन्द नागपाल के नाम से जारी किया हुआ है। उक्त भूखण्ड को श्रीमती अल्पना पत्नी श्री प्रमोद कुमार निवासी 101-102, रामदेव कॉलोनी, चक 5 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 09.07.2024 द्वारा क्रय कर स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टे का समर्पण कर भूखण्ड की लीज हस्तान्तरित करवाते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस संबंध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

कार्यालय नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर, (राज.)

क्रमांक :- नियमन/ 2024 / 3802 दिनांक : 06/08/2024

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती मोनिका गर्ग पत्नी श्री प्रवीण गर्ग निवासी 133 अग्रसेन नगर, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 29 के किला नं. 16 में माप 30 इन्दू 60 फीट भूखण्ड संख्या आई-13 एवं आई-14 औलखनगर, श्रीगंगानगर	भूखण्ड संख्या आई-13 का आवासीय पट्टा संख्या 6779 दिनांक 13.03.2009 को श्री लखविन्द्र कुमार पुत्र श्री यशपाल एवं भूखण्ड संख्या आई-14 का पट्टा संख्या 6775 दिनांक 13.03.2009 को श्री लाभ सिंह पुत्र श्री मान सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखण्ड इन्हीं के नाम से दर्ज है।	श्रीमती मोनिका गर्ग द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या आई-13 को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 25.07.2024 के द्वारा एवं भूखण्ड संख्या आई-14 को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 05.09.2023 के द्वारा प्राप्त कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्रीमती मोनिका गर्ग पत्नी श्री प्रवीण गर्ग निवासी 133 अग्रसेन नगर, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है । बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। **आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/587 & 588** - सचिव नगर विकास न्यास , श्रीगंगानगर

वरिष्ठ भाजपा नेता रिखबदास बोड़ा के निधन पर भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी बीकानेर के वरिष्ठ भाजपा नेता रिखबदास बोड़ा का मंगलवार को लम्बी बीमारी के बाद पीबीएम अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया।

बोड़ा के निधन के बाद बीकानेर भाजपा में शोक की लहर बीकानेर भाजपा नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य के साथ आज बोड़ा के निवास पर पहुंचकर बोड़ा को भाजपा का झंडा ओढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कहा कि रिखबदास बोड़ा भाजपा के संस्थापक सदस्य थे। बोड़ा ने अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के साथ काम किया था। भाजपा नामक पौधे को वटवृक्ष बनाने के बोड़ा का योगदान सदैव याद किया जायेगा।

बोड़ा भाजपाईयों के दिल में हमेशा जिंदा रहेंगे और उनके आदर्शों को हमेशा पार्टी कार्यकर्ता याद करेगा। आचार्य ने कहा वरिष्ठ भाजपा नेताओं में एक रिखबदास बोड़ा जनसंघ के समय से पार्टी से जुड़े थे। पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत के नजदीक बोड़